# HISTORY Question PAPER

**समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

***सामान्य निर्देश :***

*1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने लिखे हैं।*

*2. 2 अंक वाले प्रश्न (खण्ड 'क') का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*3. 5 अंक वाले प्रश्न (खण्ड 'ख) का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*4. 10 अंक वाले प्रश्न (खण्ड 'ग') का उत्तर 500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*5. खण्ड 'घ' में स्रोत आधारित प्रश्न दिये गये हैं।*

*6. मानचित्र उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।*

**खण्ड 'क'**

निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

1. 600-1200 ई. तक इस्लामी क्षेत्रों के इतिहास की जानकारी हमें किन स्त्रोतों से मिलती है?2

2. मध्यकालीन मठों के कोई दो कार्य लिखिए 2

3. 'नेटिव' शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड 'ख' (भाग 2)**

**निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

4. अब्बासी क्रान्ति से क्या अभिप्राय है? उमयद वंश के पतन तथा अब्बासी वंश की स्थापना के सन्दर्भ में उत्तर दीजिए। 5

5. चंगेज खाँ के अधीन मंगोलों की सैनिक सफलता के प्रमुख कारण क्या थे? 5

6. रोम साम्राज्य के सन्दर्भ में 'प्रिंसिपेट से क्या अभिप्राय है? इसमें सम्राट तथा सीनेट की क्या स्थिति थी? 5

7. रोमन साम्राज्य के वास्तुकलात्मक रूपों में इस्लामी वास्तुकलात्मक रूप कैसे भिन्न थे? 5

**निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

8. चीन में गणतन्त्र की स्थापना के विभिन्न चरणों का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। 5

9. गोल्ड रश से क्या अभिप्राय है? इससे किस प्रकार संयुक्त राज्य अमेरिका में उद्योगों की वृद्धि हुई? 5

10. आस्ट्रेलिया में यूरोपीय लोगों के आगमन के प्रति वहां के मूल निवासियों की क्या प्रतिक्रिया थीं? 5

## ( भाग 3 )

11. मानवतावादी विचारों का अनुभव सबसे पहले इतावली शहरों में क्यो हुआ? 5

12. मेनर प्रणाली के विषय पर टिप्पणी लिखिए? 5

13. ऐसे कौन-से कारण थे जिनसे 15 वीं शताब्दी में यूरोपीय नौचालन में सहायता मिली? 5

14. इंग्लैण्ड में सामन्तवाद का विकास कैसे हुआ? 5

## ( भाग ग )

15. मेसोपोटामिया के शहरी जीवन का विस्तृत विवरण दीजिए। 10

अथवा

मेसोपोटामिया सभ्यता की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

16. औद्योगिक क्रान्ति मिश्रित वरदान सिद्ध हुई। इस कथन पर चर्चा कीजिए। 10

अथवा

जापान में मेजी शासन के अधीन अर्थव्यवस्था का आधुनिकरण किस प्रकार हुआ? उद्योगों के विकास का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा?

## ( भाग घ )

निम्न अनुच्छेदों को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

17. 1221 में बुखारा पर विजय प्राप्त करने के बाद चंगेज खाँ ने वहाँ के अमीर मुसलमान निवासियों को 'उत्सव मैदान' में एकत्रित कर उनकी भर्त्सना की। उसने उनको पापी कहा ओर चेतावनी दी कि इन पापों के प्रायश्चितस्वरूप उनको अपना छिपा हुआ धान उसे देना पड़ेगा। यह वर्णन करने योग्य एक नाटकीय घटना थी। जिसको लोगों ने लम्बे समय तक याद रखा और उस पर चित्र बनाए। सोलहवीं शताब्दी के अंत में चंगेज खां के सबसे बड़े पुत्र जोची का एक दूर का वंशज अब्दुल्लाह खान बुखारा के उसी उत्सव मैदान में गया। चंगेज खां के विपरीत अब्दुल्लाह खां वहां छुट्टी की नमाज अदा करने गया। उसके इतिहासकार हफीज-ए-तानीश ने अपने स्वामी की इस मुस्लिम धर्म-परायणता का वर्णन अपने इतिवृत्त में दिया और साथ में यह चौंका देने वाली टिप्पणी भी की - ''कि यह चंगेज खां के यास के अनुसार था।''

(क) चंगेज खाँ के उत्सव मैदान में किन लोगों को बुलाया? 2

(ख) सोलहवीं शताब्दी में कौन उसी उत्सव मैदान में गया औश्र उसने वहां क्या किया? 3

(ग) अपने आरंभिक स्वरूप में यास को 'यसाक' लिखा जाता था। इसका क्या अर्थ था?3

**अथवा**

**रोमन अभिजात वर्ग की आमदनियाँ**

- 'थेब्स का ओलिंपिओडोरस'

रोम के ऊंचे घरानों में से प्रत्येक के पास अपने आप में वह सब कुछ मौजूद था, जो एक

मध्यम आकार के शहर में हो सकता है। एक घुड़दौड़ का मैदान (हिप्पोड्रेम), अनेक मंच मंदिर, फव्वारे और विभिन्न प्रकार के स्नानागार ...... बहुत से रोमन परिवारों को अपनी सम्पत्ति से प्रतिवर्ष 4,000 पाउण्ड सोने की आय प्राप्त होती थी, जिसमें अनाज, शराब और अन्य उपज शामिल नहीं थी, इन उपजों को बेचने पर सोने में प्राप्त आय के एक तिहाई के बराबर आमदनी हो सकती थी। रोम में द्वितीय श्रेणी के परिवारों की आय 1000 तथा 1500 पाउण्ड सोना थी।

(क) इस अनुच्छेद के स्त्रोत का नाम लिखिए। 1

(ख) रोम के ऊँचे घरानों के पास क्या संसाधन थे? 2

(ग) विभिन्न रोमन परिवारों की प्रतिवर्ष आय कितनी थी? 1

(घ) रोमन साम्राज्य कितने वर्गो में विभाजित था? 4

18. बेनेडिक्टीन मठों में, भिक्षुओं के लिए एक हस्तलिखित पुस्तक होती थी जिसमें नियमों के 73 अध्याय थे। इसका पालन भिक्षुओं द्वारा कई सदियों तक किया जाता रहा। इस पुस्तक के कुछ नियम इस प्रकार हैं :-

अध्याय 6 : भिक्षुओं को बोलने की आज्ञा कभी-कभी ही दी जानी चाहिए।

अध्याय 7 : विनम्रता का अर्थ है आज्ञापालन।

अध्याय 33 : किसी भी भिक्षु को निजी संपत्ति नहीं रखनी चाहिए।

अध्याय 47 : आलस्य आत्मा का शत्रु है, इसलिए भिक्षु और भिक्षुणियों को निश्चित सयम में शारीरिक श्रम और निश्चित घंटो में पवित्र पाठ करना चाहिए।

अध्याय 48 : मठ इस प्रकार बनाने चाहिए कि आवश्यकता की समस्त वस्तुएँ - जल, चक्की, उद्यान, कार्यशाला सभी उसकी सीमा के अंदर हों।

(क) 'मठों में भिक्षुओं' के लिए हस्तलिखित पुस्तक की दो विशेषताएं लिखिए। 2

(ख) निजी सम्पत्ति संबंधी नियम किस अध्याय में दिया गया है? 1

(ग) भिक्षुओं के लिए हस्तलिखित पुस्तक में दिए गए किन्हीं चार नियमों का वर्णन कीजिए। 4

(घ) मठों का निर्माण किस प्रकार किया जाना चाहिए? 1

अथवा

1506 में अंग्रेजी भाषा में बाईबिल का अनुवाद करने वाले, लूथरवादी करने वाले, लूथरवादी अंग्रेज, विलियम टिंडेल ने प्रोटैस्टेंवाद का इस तरह समर्थन किया -

'' इस बात मे सब लोग सहमत होंगे कि वे आपको धर्मग्रंथ के ज्ञान से दूर रखने के लिए यह चाहते थे कि धर्मग्रंथ के अनुवाद आपकी मातृभाषा में उपलब्ध न हो सकें जिससे दुनिया अंधकार में ही रहे और वे (पुरोहित चलते रहें, जिसके रहते उनकी ऊँची आकाक्षाएँ और अतृप्त लोलुपता पूरी हो सके। इस तरह वे राजा, सम्राट और यहाँ तक कि अपने ईश्वर से भी ऊँचा बना सकें ... जिस बात ने मुझे मुख्य रूप से न्यू टेस्टामेंट का अनुवाद करने की प्रेरणा दी। मुझे अपने अनुभवों से ज्ञात हुआ कि सामान्य लोगों को किसी भी सच्चाई की तब तक जानकारी नहीं हो सकती जब तक उनके पास अपने

धर्मग्रंथ की परिपाटी, क्रम और अर्थ समझ सकेंगे।''

(क) विलियम टिंडेल ने किसका समर्थन किया? 2

(ख) धर्मग्रंथो का मातृभाषा में होना क्यों आवश्यक है? 2

(ग) लूथर के द्वारा चर्च के विरूद्ध अभियान क्यों प्रारंभ किया गया? 2

(घ) लूथर द्वारा चलाए गए अभियान का क्या परिणाम हुआ? 2

19. 1930 में जुनबू में किए गए सर्वेक्षण में माओत्सेतुंग ने नमक और सोयाबीन जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं, स्थानीय संगठनों की तुलनात्मक मजबूतियों, छोटे व्यापारियों और दस्तकारों, लोहारों और वेश्याओं, धार्मिक संगठनों की मजबूतियों, इन सबका परीक्षण किया, ताकि शोषण के अलग-अलग स्तरों को समझा जा सके। उन्होंने ऐसे आँकड़े इकट्ठे किए कि कितने किसानों ने अपने बच्चों को बेचा है, इसके लिए उन्हें नहीं मिले क्योंकि जरूरत मजदूरों की थी, लैंगिक शोषण की नहीं। इस अध्ययन के आधार पर उन्होंने सामाजिक समस्याओं को सुलझाने की तरीके पेश किए।

(क) माओत्सेतुंग कौन थे? उनकी मुख्य सफलता क्या थी? 3

(ख) 1930 में जुनबू में सर्वेक्षण का उद्देश्य क्या था? 2

(ग) 1928-1934 के मध्य माओत्सेतुंग ने क्या कदम उठाए? 3

अथवा

ब्रिटेन के उपन्यासकार डी. एच. लारेन्स ने कोयला क्षेत्र में स्थित गांव में आए ऐसे परिवर्तन का इस प्रकार वर्णन किया जिसे उन्होंने स्वयं अनुभव नहीं किया था, जिसके कार में उन्होनें अपने बड़े-बुर्जुगो से सुना था।

''ईस्टवुड..... उन्नीसवीं शताब्दी की शुरूआत में अवश्य ही एक छोटा गांव रहा होगा, जहाँ छोटी-छोटी झोपड़ियां थीं, खान मजदूरों के चार कमरों वाले छोटे-छोटे घरों की छिटपुट कतारें थीं और पुराने खात्त मालिकों के आवास थे..... लेकिन 1820 के आस-पास किसी समय कम्पनी ने पहला बड़ा शैफट दिया होगा... और औद्योगिक कोयला खान की पहली वास्तविक मशीनरी लगाई .... मजदूरों के रहने के छोटे-छोटे घरों की कतारें गिरा दी गई और फिर नार्टिघंम रोड के साथ-साथ छोटी-छोटी दुकानें खुलने लगीं और नीचे ढलान में कम्पनी ने कुछ इमारतें बनाई जिन्हें आज भी 'नई इमारतें' कहा जाता है........''

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद के लेखक कौन है? 1

(ख) गाँव के विषय में लेखक के क्या विचार है? 3

(ग) कोयला खान की मशीनरी लगने के बाद गाँव में क्या परिर्वन आए? 4

20. दिए गए मानचित्र पर मंगोल साम्राज्य से सम्बन्धित पांच स्थान दर्शाइए।

अथवा

दिए गए इटली के मानचित्र पर पुनर्जागरण काल के दो राज्य तीन शहर दर्शाइए।

21. दिए गए एशिया के मानचित्र पर पाँच स्थान 1-5 तक दिखाए गए हैं, उन्हें पहचान कर लिखिए।

केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए (प्रश्न 20 व 21 के स्थान पर)


20. मंगोल साम्राज्य से सम्बन्धित पांच स्थानों के नाम लिखिए। 5

अथवा

इटली में पुनर्जागरण काल के दो राज्य तथा तीन शहरों के नाम लिखिए। 5

21. जापान के पाँच प्रमुख शहरों के नाम लिखिए।


20



20



21



# HISTORY SAMPLE PAPER

## Solved

**समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 100**

*सामान्य निर्देश :*

**खण्ड 'क'**

1. इतिवृत्त (तवारीख) पैगम्बर के कथन/कुरान की टीकाएँ। 2

2. मठ भिक्षुओं के निवास स्थान। 2
   - धार्मिक कार्य, अध्ययन करना
   - कृषि कार्य करना, कला तथा संगीत को प्रोत्साहन

3. व्यक्ति जो अपने मौजूदा निवास स्थान में ही पैदा हुआ था, रेड इन्डियन 2

**खण्ड 'ख' ( भाग 1 )**

4. – 750 में 'दवा नामक एक सुनियोजित आन्दोलन। 5
   - उमयद वंश के स्थान पर अब्बासी वंश।
   - पैगम्बर मुहम्मद के चाचा अब्बास के वंशज।
   - अब्बासियों का विद्रोह खुरासान से प्रारम्भ।
   - क्रान्ति का कारण - उमयदों द्वारा करों में छूट तथा विशेषधिकारों को न देना।
   - ईरानी दास अबु मुस्लिम द्वारा सेना का नेतृत्व।
   - उमयद खलीफा माख़ान को हराया।
   - पैगम्बर मुहम्मद के मूल इस्लाम की स्थापना का दावा।

5. – मंगोल तथा तुर्क घुड़सवार सेना में शामिल।
   - सैनिक तीरंदाजी में निपुण।
   - सैनिकों को आस-पास के भू-भाग तथा मौसम की जानकारी।
   - प्रचंड सर्दी में बर्फ से जमी नदियों का राजमार्गों की तरह प्रयोग।
   - घेराबन्दी की नीति अपनाना।
   - इंजीनियर द्वारा हल्के चल उपस्करों का निर्माण।

6. – प्रथम रोम सम्राट आगस्टस द्वारा 27 ई. पू. स्थापित राज्य। 5
   - शासक एकछत्र शासक तथा सत्ता का वास्तविक स्त्रोत।
   - शासक ही प्रमुख नागरिक।
   - सैनेट का सत्ता पर नियन्त्रण।

- सैनेट में कुलीन तथा अभिजात वर्ग का प्रतिनिधित्व।
- इतावली मूल के जमींदार भी शामिल।

7. रोमन वास्तुकला - कुशल निर्माता
डाट और गुम्बद का प्रयोग
दो-तीन मंजिला इमारत
गोल डाटों का प्रयोग - नगर के द्वार, पुल, बड़े भवनों में
कोलोजियम में भी डाट का प्रयोग, नहर बनाने में भी

इस्लामी वास्तुकला - ईरानी कला का प्रभुत्व
अलंकरण में मौलिक नमूना का प्रयोग
गोल गुबंद, छोटी मीनारें, मेहराब, स्तम्भ
मस्जिद, महल, विद्यालयों में प्रयोग।

**भाग-2**

8. 1911 में मांचू, साम्राज्य को समाप्त कर दिया, सन यात-सेन का नेतृत्वख उनके तीन सिद्धान्त,पहले दो पर KMT का जोर, तीसरे पर CPC का जोर, चीन में गृहयुद्ध। 5

9. 1840 में कैलीफोर्निया में मिले सोने के चिह्नों ने इसे जन्म दिया। 5
- रेलवे का निर्माण।
- कृषि भूमि का विस्तार, शिकार की दिनचर्या समाप्त।
- खेती व रेलवे का सामान बनाने के उद्योग विकसित।
- अमरीका का एक शक्ति के रूप में उदय।

10. 1770 ई. में कैप्टन कुक द्वारा खोज। 5
- मूल निवासियों द्वारा कुक और चालक दल का स्वागत।
- आरम्भ में व्यवहार मैत्रीपूर्ण।
- हवाई में कैप्टन कुक की हत्या।
- ब्रिटिशों के दृष्टिकोण में परिवर्तन।
- मूल निवासियों में दूर की सोच की कमी।
- जमीन छिनने तथा लड़ाइयों में 90 प्रतिशत मूल निवासियों की मृत्यु।

**भाग-3**

11. - रोम और यूनानी विद्वानों द्वारा क्लासिक ग्रन्थ लिखना। 5
- 1453 की कन्स्तुतनिया की घटना।
- तुर्की से कलाकर विद्वानों का इटली में बसना।

- नए-नए विश्वविद्यालयों की स्थापना।
- विश्वविद्यालयों में मानवतावादी विषयों को पढ़ाना।
- शिक्षा के प्रसार द्वारा मानवतावादी ग्रन्थों को पढ़ना।

12. - मेनर - विभिन्न प्रकार 5
- लार्ड की अपनी निजी भूमि, चरागाहे, कारखाने, जंगल, गिरिजाघर।
- स्वामी का मकान - गढ़
- स्वामी का जीवन बड़ा ऐश्वर्यपूर्ण
- मेनर आत्मनिर्भर नहीं

13. - 1380 में कुतुबनुमा अर्थात् दिशासूचक यंत्र का अविष्कार। 5
- बड़े-बड़े जहाजों का निर्माण।
- जहाज अस्त्र शस्त्रों से युक्त।
- टोलेमी द्वारा 'भूगोल' की रचना।
- 15 वीं शताब्दी के दौरान यात्रा वृतान्तों तथा सृष्टि-वर्णन।
- स्पेन और पुर्तगाल के शासकों द्वारा आर्थिक सहायता।
- ईसाई धर्म का प्रसार।

14. - 11 वी शताब्दी में इंग्लैण्ड में आरंभ। 5
- छठी शताब्दी में मध्य यूरोप से एंजिल तथा सैक्सन का इंग्लैण्ड में बसना।
- एंजिल लैड का रूपातंरण।
- 11 वीं शताब्दी में नारमंडी के ड्यूक विलियम प्रथम ने सैक्सन राजा को हराया।
- इंग्लैण्ड पर अधिकार के बाद भूमि की नाप तथा नक्शे तैयार करवाना।
- भूमि को नारमन अभिजातों में बांटना।
- अभिजात राजा के प्रमुख काश्तकार।
- राजा को सैनिक सहायता, नाइट आदि देना।
- लार्डो द्वारा नाइटों को भूमि उपहार में देना।

**खण्ड-ग**

15. - नगर के लोग आत्मनिर्भर नही थे।
- श्रम विभाजन।
- अर्थव्यवस्था तथा सामाजिक संगठन।
- व्यापार (घरेलू/विश्व स्तर का)

- लेखन कला, साक्षरता
- मंदिर का महत्व, पारिवारिक जीवन
- उर नगर का अवलोकन

अथवा

- लेखन कला
- गणित की गणनाओं का विकास
- विद्यालय जैसी संस्थाएं
- शहरी जीवन तथा सामाजिक व्यवस्था
- मोहर
- मंदिरों का निर्माण
- विवाह, उत्तराधिकार के मामलों में कानूनी दस्तावेजों का होना।

16. (अ) जीवन पर अच्छे-बुरे प्रभाव - 10

मशीनों का अविष्कार, सस्ती चीजें, कृषि में उन्नति, आय बढ़ी, शोषण, आवास की समस्या, प्रदूषण, बीमारी

अथवा

- 1870-72 में तोक्यो से याकोहामा तक जापान की पहली रेल लाइन बिछाई गई।

16 (ब) कृषि पर कर लगाना।

- वस्त्र उद्योग के लिए यूरोप से मशीनें आयात करना।
- मजदूरों के प्रशिक्षण के लिए विदेशी कारीगर बुलाना।
- जापानी विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए विदेश भेजना।
- 1872 में आधुनिक बैंकिग संस्थाओं की स्थापना।
- 1872 में जनसंख्या के दबाव को कम करने के लिए प्रवास का बढ़ावा।
- उद्योगों का तीव्र विकास।
- लकड़ी का मांग से पर्यावरण का विनाश।
- 1897 में औद्योगिक प्रदूषण के विरूद्ध पहला आंदोलन।

**खण्ड-घ**

17. (क) बुखारा के अमीर मुसलमानों को। 8

(ख) - चंगेज खाँ के बड़े पुत्र जोची का दूर का वंशज अब्दुल्लाखान।

- छुट्टी की नमाज अदा की।

(ग) - विधि संहिता (नियम संहिता) जो चंगेज खाँ ने 1206 में किरिलताई में लागू की।

- यसाक - विधि, आज्ञप्ति व आदेश।

अथवा

(क) थेब्स का ओलिंपिओडोरस।

(ख) एक घुड़दौड़ का मैदान, अनेक मंच-मंदिर, फव्वारे, विभिन्न प्रकार के स्नानागार आदि।

(ग) 4,000 पाउंड का सोना जिनमें अनाज, शराब आदि शामिल नहीं।

(घ) अनेक वर्गो में विभाजित

- सैनेटर
- अश्वारोही
- जनता का सम्मानीय वर्ग
- फूहड़ का कमीनकारू
- दास

18. (क) 73 अध्याय, पालन कई सदियों तक। 2

(ख) 33 अध्याय

(ग) - भिक्षुओं को कम बोलने की इजाजत। 4

- आज्ञा पालन।
- निजी संपत्ति नही।
- आलस्य आत्मा का दुश्मन।
- निश्चित समय में श्रम व पाठ पूरा करना।

(घ) आवश्यकता की समस्त वस्तुएँ मठ के अन्दर। 1

**अथवा**

(क) प्रोटैस्टेंटवाद। 2

(ख) लोग धर्मग्रंथ की परिपाटी, क्रम व अर्थ को समझ सकें। 2

(ग) - चर्च की बुराइयों के विरूद्ध।

- ईश्वर से संपर्क के लिए पादरी की आवश्यकता नहीं।

(घ) - कैथलिक चर्च में सुधार।

- जर्मनी और स्विट्जरलैंड के चर्च ने पोप तथा कैथलिक चर्च से अपने संबंध समाप्त कर दिए। 2

19. (क) माओत्सेतुंग (1893-1976) सी. सी. सी. के प्रमुख नेता। 8

- क्रान्ति के कार्यक्रम किसानों पर आधारित।
- पार्टी को शक्तिशाली बनाना।

- कुओमिंगतांग पर जीत प्राप्त करना।

(ख) शोषण के अलग-अलग स्तरों को समझना।

(ग) - मजबूत किसान परिषद् (सोवियत) का गठन।

- आजाद सरकार और सेना पर जोर।
- जमीन पर कब्जा तथा पुनर्वितरण के साथ एकीकरण करना।

अथवा

(क) डी. एच. लारेन्स।

(ख) - छोटी-छोटी झोंपड़ियाँ।

- कहारों में खान मजदूरों के घर।
- खान मालिकों के आवास आदि।

(ग) - घरों की कतारें गिरा दी गई।

- छोटी-छोटी दुकानें खुल गई।
- कम्पनी द्वारा बनाई गई 'नई इमारतें'।

**खण्ड-य**


20. कराकोरम, तूर्फान, बुखारा, निशापुर, समरकन्द, मर्व, हिरात आदि। (केवल पांच) 5


**अथवा**


कोर्सिका, सार्डीनिया, सिसली (राज्य) -केवल दो

वेनिस, फ्लोरेन्स, जेनेवा, रोम, पादुआ (शहर) - केवल तीन 5

21. 1. तोक्यों
2. क्योतो
3. हिरोशिमा
4. नागासाकी
5. शंघाई।


कराकोरम
तुर्फान
समरकन्द
बुखारा
हिरात
निशापुर
मर्व


पादुआ
वेनिस
जेनेवा
फ्लोरेन्स
कोर्सिका
रा.
सार्डीनिया
(रा.)
रोम
सिसली
(रा.)


हिरोशिमा
(iii)
(i) तोक्यो
(ii) क्योतो
(iv) नागासाकी
(v) शंघाई